लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम अमर उजाला
दिनांक 18.1.2020 पृष्ठ सं 6 कॉलम 1-3

# ड्राई फ्लावर अरेंजमेंट में अरचित प्रथम, दूसरे स्थान पर रही अचला

## एचएयू में गोल्डन जुबली पुष्प कार्निवाल का पुरस्कार वितरण समारोह

अमर उजाला ब्यूरो

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में दो दिवसीय गोल्डन जुबली पुष्प कार्निवाल का पुंरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर एचएयू के कुलपति, प्रो. केपी सिंह व महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. समर सिंह उपस्थित थे।

इस कार्निवाल के दौरान विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधों की प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इस कार्निवाल में मेहंदी रचाओ, रंगोली, ड्राइंग एवं पेंटिंग आदि प्रतियोगिताएं का भी आयोजन किया गया, जिसमें हिसार के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया।

**परिणामः** सिजनल पोटेड फ्लावर में जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड ने पहला, ओपी जेएमएस स्कूल ने दूसरा व जिंदल अस्पताल ने तीसरा, पोटेड गुलदाऊदी स्टैंडर्ड (वन लारज फ्लावर) में जितेंद्र ने पहला व मोहित सैनी ने दूसरा, पोटेड गुलदाऊदी स्टैंडर्ड (मैनी लारज फ्लावर) में सुभाष खेदड़ ने पहला व सत्यवान सोदी ने दूसरा, पोटेड गुलदाऊदी स्टैंडर्ड (स्मॉल फ्लावर) में जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड ने पहला व जितेंद्र ने दूसरा, पोटेड फोलिऐज प्लांट्स में सुभाष खेदड़ ने पहला व मोहित सैनी ने दूसरा, पोटेड पाम्स में मोहित सैनी ने पहला व सत्यवान सोदी ने दूसरा पोटेड कक्टाई और सक्यूलेंस में जितेंद्र ने पहला, जेआईएमएस ने दूसरा व दिव्या ने तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। पोटेड मैरीगोल्ड में जिंदल अस्पताल पहले, वीडीजेएस दूसरे व मोहित सैनी तीसरे, फ्रेश फ्लावर अरेंजमेंट में मोहित सैनी पहले, मदन दूसरे व गेस्ट हाउस जेएसएचएल तीसरे, ड्राई फ्लावर अरेंजमेंट में अरचित बंसल पहले, अचला बंसल दूसरे व सत्य गुप्ता ने तीसरा स्थान हासिल किया।



पुष्प प्रदर्शनी की विजेता प्रतिभागी को सम्मातिन करते अतिथि। - अमर उजाला

### मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में पंकज रानी रही प्रथम

स्कूल स्तर पर मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में पंकज रानी ने पहला, नुपुर ने दूसरा व ऋषिता ने तीसरा, रंगोली में सृष्टि और जानवी ने पहला, तमन्ना और अनुष्का ने दूसरा व काव्या और सोनम ने तीसरा, ड्राइंग एवं पेंटिंग (7-12 वर्ष) में मुस्कान ने पहला, सुमित ने दूसरा व ध्रुवन ने तीसरा और (7-12 वर्ष) में रिधि मित्तल ने पहला, विधि ने दूसरा व अनामिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं कॉलेज स्तर पर मेहंदी रचाओ में पिंकी पहले, कुसुम दूसरे व सोनाली तीसरे, रंगोली में सोनम और सेजू पहले, अनुबाला और मोनिका दूसरे व पूजा और गीता देवी तीसरे, ड्राइंग एवं पेंटिंग में लक्षिका पहले, पूजा जांगड़ा दूसरे व साक्षी तीसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर रजिस्ट्रार, डॉ. बीआर कंबोज, ओएसडी डॉ. एमके गर्ग, निदेशक आरडीएस, डॉ. केडी शर्मा, हौटा प्रधान, डॉ. करमल मलिक, इंचार्ज, अरविंद मलिक, डॉ. सरिता देवी आदि मौजूद रहे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक जागरण
दिनांक: 18.1.2020 पृष्ठ सं. 19 कॉलम 1-6

# सीजनल पॉटेड फ्लावर में जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड ने मारी बाजी

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय गोल्डन जुबली पुष्प कार्निवाल -2020 का पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। इस दौरान हकृवि के कुलपति प्रो. केपी सिंह व महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के कुलपति डा. समर सिंह उपस्थित थे।

इस कार्निवाल के दौरान विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधों की प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया था। इस कार्निवाल में मेहंदी रचाओ, रंगोली, ड्राइंग एवं पेंटिंग आदि प्रतियोगिताएं का भी आयोजन किया जिसमें हिसार के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, डा. बीआर कम्बोज, ओएसडी डा. एमके गर्ग, निदेशक आरडीएस, डा. केडी शर्मा, हौटा प्रधान, डा. करमल मलिक, इंचार्ज, अरविन्द मलिक, डा. सरिता देवी, वनस्पति विभाग के वैज्ञानिक और छात्र व प्रतिभागी उपस्थित थे।



गोल्डन जुबली पुष्प कार्निवल में विजेता छात्रा को सम्मानित करते हकृवि के कुलपति प्रो. केपी सिंह। ● जागरण

## स्कूल स्तर की प्रतियोगिताओं के परिणाम

- मेहंदी रचाओ में पंकज रानी, नुपुर, व रीशिता क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।
- रंगोली में सृष्टि और जानवी, तमन्ना और अनुष्का व काव्या और सोनम क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।
- ड्राईंग एवं पेन्टिग (7-12 वर्ष) में मुस्कान, सुमित और ध्रुव व (7-12 वर्ष) में रीधि मित्तल, विधि व अनामिका क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।

## कालेज स्तर की प्रतियोगिताओं का परिणाम

- मेहंदी रचाओ में पिंकी, कुसुम व सुनाली क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।
- रंगोली में सोनम और सेजू, अनुबाला और मोनिका व पूजा और गीता देवी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।
- ड्राईंग एवं पेंटिंग में लक्षिका, पूजा जागंड़ा और साक्षी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।

## विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधों की 10 प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे

- सीजनल पॉटेड फ्लावर में जिन्दल स्टेनलैस लिमिटेड, ओपी जेएमएस स्कूल, जिंदल अस्पताल हिसार क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।
- पौटेड गुलदाऊदी स्टैन्डर्ड (वन लारज फ्लावर) में जितेन्द व मोहित सैनी क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहे।
- पौटेड गुलदाऊदी स्टैन्डर्ड (मैनी लारज फ्लावर) में सुभाष खेदड़ व सत्यवान सोदी क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहे।
- पौटेड गुलदाऊदी स्टैन्डर्ड (स्मॉल फ्लावर) में जिन्दल स्टेनलैस लिमिटेड व जितेन्द्र क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहे।
- पौटेड फोलिऐज प्लांटस में सुभाष खेदड़ व मोहित सैनी क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहे।
- पौटेड पामस में मोहित सैनी व सत्यवान सोदी क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहे।
- पौटेड कक्टाई और सक्यूलैंन्स में जितेन्द्र, जेआईएमएस व दिव्या क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।
- पौटेड मैरीगोल्ड में जिंदल अस्पताल, वीडीजेएस व मोहित सैनी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहें।
- फ्रैश फ्लावर अरेंजमैंट में मोहित सैनी, मदन, व गेस्ट हाऊस जेएसएचएल क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।
- ड्राई फ्लावर अरेंजमैंट में अरचित बंसल, अचला बंसल, व सत्य गुप्ता क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........हरि. भूमि........
दिनांक...18.1.2020... पृष्ठ सं....11.... कॉलम...5-8...

### हकृवि गोल्डन जुबली पुष्प कार्निवल 2020 के समापन पर समारोह सम्पन्न

# पौटेड फ्लॉवर में जेएसएल व गुलदाऊदी लारज में जितेंद्र छाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

■ विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधों की प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया

हकृवि में दो दिवसीय गोल्डन जुबली पुष्प कार्निवाल-2020 का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर हकृवि के कुलपति प्रो. केपी सिंह व महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. समर सिहं उपस्थित थें। इस कार्निबाल के दौरान विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधों की प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था।

पुष्प प्रदर्शनी में सिजनल पौटेड फ्लावर में जिंदल स्टेनलैस लिमिटेड, ओपी जेएमएस स्कूल, जिंदल अस्पताल क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। पौटेड गुलदाऊदी स्टैंडर्ड वन लारज फ्लावर में जितेंद्र, मोहित सैनी क्रमशः प्रथम, व द्वितीय रहे। पौटेड गुलदाऊदी स्टैंडर्ड मैनी लारज फ्लावर में सुभाष खेदड़, सत्यवान सोदी क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहे। पौटेड गुलदाऊदी स्टैन्डर्ड स्मॉल फ्लावर में जिंदल स्टेनलैस लिमिटेड, जितेंद्र क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहे।

पोटेड फोलिऐज प्लांटस में सुभाष खेदड़, मोहित सैनी क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहे। पोटेड पामस में मोहित सैनी व सत्यवान सोदी क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहे। पोटेड कक्टाई और सक्यूलैंस में ज़ितेंद्र, जेआईएमएस व दिव्या क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। पोटेड मैरीगोल्ड में जिंदल अस्पताल, वीडीजेएस व मोहित सैनी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।

फ्रैश फ्लावर अरेंजमैंट में मोहित सैनी, मदन व गेस्ट हाऊस जेएसएचएल क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहें। ड्राई फ्लावर अरेंजमैंट में अरचित बंसल, अचला बंसल, व सत्य गुप्ता क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। इस दौरान विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

### अन्य प्रतियोगिताओं के यह रहे परिणाम

मेहंदी रचाओ में पंकज रानी, नुपुर, व रीशिता क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे रंगोली में सृष्टि और जानवी, तमन्ना और अनुष्का व काव्या और सोनम क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहें।

कॉलेजस्तर पर मेहंदी रचाओ, रंगोली, ड्राइंग एवं पेंटिंग आदि प्रतियोगिताएं का परिणाम क्रमशः इस प्रकार रहा

मेहंदी रचाओ में पिंकी, कुसुम व सुनाली क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहें।
रंगोली में सोनम और सेजू, अनुबाला और मोनिका व पूजा और गीता देवी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहें।

ड्राइंग एवं पेन्टिंग में लक्षिका, पूजा जागंडा और साक्षी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।



हिसार। हकृवि में गोल्डन जुबली पुष्प कार्निवल के विजेताओं को पुरस्कृत करते महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. समर सिंह।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. बीआर कंबोज, ओएसडी डॉ. एमके गर्ग, निदेशक आरडीएस, डॉ. केडी शर्मा, हौटा प्रधान डॉ. करमल मलिक, इंचार्ज, अरविंद मलिक, डॉ. सरिता देवी आदि उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........ पंजाब केसरी ........
दिनांक 18. 1. 2020 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 4-6

# गोल्डन जुबली पुष्प कार्निवाल के विजेताओं को बांटे पुरस्कार

हिसार, 17 जनवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में 2 दिवसीय गोल्डन जुबली पुष्प कार्निवाल-2020 का पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर हकृवि के कुलपति, प्रो. के.पी. सिंह व महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. समर सिंह उपस्थित थे। कार्निवाल के दौरान विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधों की प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था।

इस कार्निवाल में मेहंदी रचाओ, रंगोली, ड्राईंग एवं पेंटिंग आदि प्रतियोगिताएं का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सिजनल पौटेड फ्लावर में जिन्दल स्टेनलैस लिमिटेड, ओ.पी.जे.एम.एस. स्कूल, जिन्दल हॉस्पिटल हिसार क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहें। पौटेड गुलदाऊदी




*विजेता प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए कुलपति।*

स्टैन्डर्ड (वन लारज फ्लावर) में जितेन्द्र, मोहित सैनी क्रमशः प्रथम, व द्वितीय रहें। पौटेड गुलदाऊदी स्टैन्डर्ड (मैनी लारज फ्लावर) में सुभाष खेदड़, सत्यवान सोदी क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहें। पौटेड गुलदाऊदी स्टैन्डर्ड (स्मॉल फ्लावर) में जिन्दल स्टेनलैस लिमिटेड, जितेन्द्र क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहें। पौटेड फोलिऐज प्लांटस में सुभाष खेदड़, मोहित सैनी क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहें। पौटेड पामस में मोहित सैनी व सत्यवान सोदी क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहें। पौटेड कक्टाई और सक्यूलैंस में जितेन्द्र, जे.आई.एम.एस. व दिव्या क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहें। फ्रैश फ्लावर अरेन्जमैंट में मोहित सैनी, मदन, व गेस्ट हाऊस जे.एस.एच.एल. क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहें।

ड्राई फ्लावर अरेन्जमैंट में अरचित बंसल, अचला बंसल, व सत्य गुप्ता क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहें। मेहंदी रचाओ में पंकज रानी, नुपुर, व रीशिता क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहें। रंगोली में सृष्टि और जानवी, तमन्ना और अनुष्का व काव्या और सोनम क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहें। ड्राइंग एवं पेन्टिग (7-12 वर्ष) में मुस्कान, सुमित और ध्रुव व (7-12 वर्ष) में रीधि मित्तल, विधि व अनामिका क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहें। साथ ही अन्य प्रतियोगिता के परिणाम भी घोषित किए गए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, डा. बी.आर. कम्बोज, ओ.एस.डी. डा. एम.के. गर्ग, निदेशक आर.डी.एस., डा. के.डी. शर्मा, हौटा प्रधान डा. करमल मलिक, इन्चार्ज, अरविन्द मलिक, डा. सरिता देवी, वनस्पति विभाग के वैज्ञानिक और छात्र व प्रतिभागी उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........ हरि. भूमि ........
दिनांक 18. 1. 2020 ....... पृष्ठ सं ...13... कॉलम ...1-5...

# एयरपोर्ट, मेट्रो व ट्रांसपोर्ट सेक्टर में परिवर्तन से उभरा नया भारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

■ हकृवि में एबिक सेंटर के तहत कृषि आधारित एग्री स्टार्टअप पर सेमिनार में बोले वक्ता

हकृवि में एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर एबिक द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल इन्क्यूबेटर्स कोलोक्वियम के दूसरे दिन दो तकनीकी सत्रों के साथ समापन समारोह हुआ। जिसमें इनवेस्ट इंडिया के प्रतिनिधि पवन चौधरी ने बताया कि नया भारत इन्फरास्ट्रकचर व रोजमर्रा की जरूरतों पर तेजी से बदल रहा है। इसका उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में ही एयरपोर्ट, मेट्रो, ट्रांसपोर्ट, आईटी सेक्टर, हाई-वे पर बड़ी तेजी से काम हुआ है। आधारभूत ढांचा बड़ी तेजी से विकास कर रहा है।

इसी प्रकार की गति व परिवर्तन की आवश्यकता कृषि क्षेत्र में है क्योंकि भारत गांवो में रहता है व वहां पर सड़कें, पानी, इंटरनेट, स्मार्टफोन आदि के माध्यम से सभी जानकारियां सयमबद्ध जा रही है। किसानों के बच्चे कृषि में रूचि लेने लगे है जोकि कृषि क्षेत्र में अमूलचूल परिवर्तन बहुत सहायक सिद्ध होगा तथा ईन्वस्ट इंडिया कंपनी एबिक के माध्यम से एग्री स्टार्टअप्स का भरपूर सहयोग करेगी।

यैस बैंक के सिनियर वाइस प्रेजिडेंट अमनदीप सिंह और वाइस प्रेजिडेंट, मोहिंद्र महेला ने बताया कि यैस बैंक भी अब कृषि स्टार्टअप्स को लेकर बहुत उत्साहित हैं। इनमें निवेश करने के लिए आगे आ रहे है व भविष्य में हम एबिक के साथ एमओयू करके संस्थागत सदस्य भी बनेगें। हरियाणा ग्रामीण आजिविका मिशन के अधिकारी रणविजय सिंह ने कृषि में महिला समूहों की भागीदारी व महिलाओं को कृषि आधारित नये उत्पाद बनाने के प्रशिक्षण पर जोर देने बात कही।



हिसार। विजेताओं को पुरुस्कृत करते आरके झोरड़ व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## इनको मिला पुरस्कार

प्रदर्शनी में मेफिक ई-कार्ट, आरएएस सिस्टम व माधव आर्गेनिक क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहें।

स्टार्टअप्स क्षेत्र में मिलसोर एग्रो हिसार, ओरा फूड्स, बरहाना व गो ईको पैकेजिंग, लुधियाना क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय रहे।

ईनोवेटिव आइडिया क्षेत्र में स्पून फीडिंग में बीएसई होम साईस की पूजा बिश्नोई व स्वरूपा प्रथम रही जबकि मधुमक्खीपालन में कृषि महाविद्यालय, कौल के रीतिका आदि द्वितीय रहें और सेनेटरी पैड में मुस्कान मेहता व सतत आजिविका में पंजाब यूनिवर्सिटी की रितु मित्तल व प्रीति शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं।

इस अवसर पर एबिक की नोडल अधिकारी सीमा रानी, डॉ. आशा क्वात्रा, डॉ. आरके जोरड़, डॉ. राजेश गेरा आदि उपस्थित रहे।

# लोक संपर्क कार्यालय
## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: अमर उजाला

दिनांक: 18.1.2020 पृष्ठ सं: 6 कॉलम: 3-4

## आने वाला समय कृषि आधारित एग्री स्टार्टअप का : पवन



**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एग्री बिजनेस इन्कयूबेशन सेंटर (एबिक) द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल इन्क्यूबेटर्स कोलेक्वियम का तकनीकी सत्रों के साथ समापन समारोह हुआ। जिसमें इनवेस्ट इंडिया के प्रतिनिधि, पवन चौधरी ने बताया कि नए भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर व रोजमर्रा की जरूरतों में तेजी से बदल रहा है। इसका उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में ही एयरपोर्ट, मैट्रो, ट्रांसपोर्ट, आईटी सेक्टर, हाईवे पर बड़ी तेजी से काम हुआ और एक नया भारत उभर कर आया है। इसी प्रकार की गति व परिवर्तन की आवश्यकता कृषि क्षेत्र में है, क्योंकि भारत गांवो में रहता है। किसानों के बच्चे कृषि में रुचि लेने लगे है, जोकि कृषि क्षेत्र में अमूलचूल परिवर्तन में सहायक सिद्ध होगा। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के प्रमुख अन्वेषक (पीआई) व डीन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग डॉ. राजकुमार झोरड़ व डीन पीजीएस डॉ. आशा कवात्रा ने विभिन्न विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रदर्शनी में मेफिक ई-कार्ट, आरएएस सिस्टम व माधव आर्गेनिक क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। स्टार्टअप्स क्षेत्र में मिलसोर एग्रो हिसार, ओरा फूड्स, बरहाना व गो ईको पैकेजिंग लुधियाना क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहें। इनोवेटिव आइडिया क्षेत्र में स्पून फीडिंग में बीएसई होम साईंस की पूजा बिश्नोई व स्वरूपा प्रथम रही, जबकि मधुमक्खी पालन में कृषि महाविद्यालय कौल के रीतिका आदि द्वितीय रहे। सैनेटरी पैड में मुस्कान मेहता व सतत आजीविका में पंजाब यूनिवर्सिटी की रितु मित्तल व प्रीति शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। इस दौरान यस बैंक के सीनियर वाइस प्रेजिडेंट अमनदीप सिंह, वाइस प्रेजिडेंट मोहिन्द्र महेला, एबिक की नोडल अधिकारी सीमा रानी, डॉ. राजेश गेरा, विक्रम सिंधु, एबिक की टीम व एबिक के इन्कयूबेटी उपस्थित रहे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक जागरण
दिनांक: 18.1.2020 पृष्ठ सं: 19 कॉलम: 6-7

# आने वाला समय कृषि आधारित एग्री स्टार्टअप्स का : पवन

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर (एबिक) द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल इन्क्यूबेटर्स कोलोक्वियम के दूसरे दिन दो तकनीकी सत्रों के साथ समापन समारोह हुआ। जिसमें इनवेस्ट इंडिया के प्रतिनिधि पवन चौधरी ने बताया कि नया भारत इन्फराट्रकचर व रोजमर्रा की जरूरतों पर तेजी से बदल रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में ही एयरपोर्ट, मेट्रो, ट्रांसपोर्ट, आईटी सेक्टर, हाईवे पर बड़ी तेजी से काम हुआ है और एक नया भारत उभर कर आया है जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते थे।

इसी प्रकार की गति व परिवर्तन की आवश्यकता कृषि क्षेत्र में है क्योंकि भारत गांवों में रहता है और वहां पर सड़कें, पानी, इंटरनेट, स्मार्टफोन आदि के माध्यम से सभी जानकारियां सयमबद्ध जा रही हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के बच्चे कृषि में रूचि लेने लगे है जोकि कृषि क्षेत्र में अमूलचूल परिवर्तन बहुत सहायक सिद्ध होगा तथा ईन्वस्ट इंडिया कम्पनी एबिक के माध्यम से एग्री स्टार्टअप्स का भरपूर सहयोग करेगी। यैस बैंक के सीनियर वाइस प्रेजिडेंट अमनदीप सिंह और वाइस प्रेजिडेंट, मोहिंद्र ने बताया कि यैस बैंक भी अब कृषि स्टार्टअप्स को लेकर बहुत उत्साहित है व इनमें निवेश करने के लिए आगे आ रहे हैं व भविष्य में हम एबिक के साथ एमओयू करके संस्थागत सदस्य भी बनेंगे। हरियाणा ग्रामीण आजिविका मिशन के अधिकारी रणविजय सिंह ने कृषि में महिला समूहों की भागीदारी व महिलाओं को कृषि आधारित नए उत्पाद बनाने के प्रशिक्षण पर जोर देने बात कही। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के प्रमुख अन्वेषक (पीआई) व डीन कालेज ऑफ इंजीनियरिंग डा. राजकुमार जोरड़ व डीन पीजीएस डा. आशा कवातड़ा ने पुरस्कार वितरित किए।

प्रदर्शनी में मेफिक ई-कार्ट, आरएएस सिस्टम व माधव आर्गेनिक क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। स्टार्टअप्स क्षेत्र में मिलसोर एग्रो हिसार, ओरा फूड्स, बरहाना व गो ईको पैकेजिंग, लुधियाना क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। ईनोवेटिव आइडिया क्षेत्र में स्पून फीडिंग में बीएसई होम साइंस की पूजा बिश्नोई व स्वरूपा प्रथम रही जबकि मधुमक्खी पालन में कृषि महाविद्यालय, कौल के रीतिका आदि द्वितीय रहे और सैनेटरी पैड में मुस्कान मेहता व सतत आजिविका में पंजाब यूनिवर्सिटी की रितु मित्तल व प्रीति शर्मा तृतीय स्थान पर रही। एबिक की नॉडल अधिकारी सीमा रानी ने ऐसे कार्यक्रम आगे भी समय-समय पर करवाने की बात कही। इस अवसर पर डा. आशा कवातड़ा, डा. आरके जोरड़, डा. राजेश गेरा, विक्रम सिंधु, एबिक की टीम व एबिक के इन्कयूबेटी उपस्थित रहे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम पंजाब केसरी
दिनांक 18.1.2020 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 7-8

# आने वाला समय कृषि आधारित एग्री स्टार्टअप्स का : एबिक

हिसार, 17 जनवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सैंटर (एबिक) द्वारा आयोजित 2 दिवसीय नैशनल इन्क्यूबेटर्स कोलोक्वियम के दूसरे दिन 2 तकनीकी सत्रों के साथ समापन समारोह हुआ। जिसमें इनवेस्ट इंडिया के प्रतिनिधि पवन चौधरी ने बताया कि नया भारत इन्फ्रास्ट्रक्चर व रोजमरा की जरूरतों पर तेजी से बदल रहा है। आधारभूत ढांचा बड़ी तेजी से विकास कर रहा है। यैस बैंक के सिनियर वाईस प्रैजिडैंट, अमनदीप सिंह और वाईस प्रैजिडैंट, मोहिन्द्र मेहला ने बताया कि यैस बैंक भी अब कृषि स्टार्ट अप्स को लेकर बहुत उत्साहित है व इनमें निवेश करने के लिए आगे आ रहे है। हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारी रणविजय सिंह ने कृषि में महिला समूहों की भागीदारी व महिलाओं को कृषि आधारित नए उत्पाद बनाने के प्रशिक्षण पर जोर देने बात कही। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के प्रमुख अन्वेषक (पी.आई.) व डीन कालेज ऑफ इंजीनियरिंग डा. राजकुमार जोरड़ व डीन पी.जी.एस. डा. आशा कवातड़ा ने पुरस्कार वितरित किए। प्रदर्शनी में मेफिक ई-कार्ट, आर.ए.एस. सिस्टम व माधव आर्गेनिक क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहें। स्टार्टअप्स क्षेत्र में मिलसोर एग्रो हिसार, ओरा फूड्स, बरहाना व गो ईको पैकेजिंग, लुधियाना क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। इनोवेटिव आईडिया क्षेत्र में स्पून फीडिंग में बी.एस.ई. होम साइंस की पूजा बिश्नोई व स्वरूपा प्रथम रही जबकि मधुमक्खी पालन में कृषि महाविद्यालय, कौल के रीतिका आदि द्वितीय रहें और सैनेटरी पैड में मुस्कान मेहता व सतत आजीविका में पंजाब यूनिवर्सिटी की रितु मित्तल व प्रीति शर्मा तृतीय स्थान पर रही।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......अमर उजाला......
दिनांक 18.1.2020 ...... पृष्ठ सं. 1 ...... कॉलम 4-8

# दो दिन बाद मिलेगी शीत लहर और कोहरे से राहत

## सिरसा का न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री पर पहुंचा, करनाल और अंबाला में 30 मीटर तो हिसार में 50 मीटर रही दृश्यता

अमर उजाला ब्यूरो

- 19 जनवरी को सीजन का आखिरी कोल्ड डे रहेगा
- अगले 5 दिनों में बढ़ेगा 5 डिग्री सेल्सियस पारा




18 जनवरी तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा। इस दौरान कहीं-कहीं बादल या गरज-चमक व हवाओं के साथ बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना है।
**- डॉ. मदन खीचड़, अध्यक्ष, कृषि मौसम विभाग, हकृवि**

**प्रमुख शहरों का तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| सिरसा | 15.5 | 2.4 |
| हिसार | 15.1 | 5.1 |
| नारनौल | 20.5 | 9.4 |
| करनाल | 12.2 | 10.0 |
| रोहतक | 15.0 | 9.0 |

रोहतक/हिसार। चोटियों पर बर्फबारी और हरियाणा में हुई बारिश-ओलावृष्टि के बाद शीत लहर और कोहरे का सितम जारी है। इससे दो दिन बाद राहत मिलेगी। प्रदेश में 19 जनवरी को सीजन का आखिरी कोल्ड-डे रहेगा। अगले पांच दिनों में पारा 5 डिग्री बढ़ने की संभावना है।

प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में शुक्रवार को कोल्ड-डे जैसी स्थिति बनी रही। करनाल और अंबाला में सुबह 8:30 बजे दृश्यता केवल 30 मीटर रही। मौसम केंद्र चंडीगढ़ ने हरियाणा में दो दिन और शीत लहर के साथ कोहरे का भी प्रकोप जारी रहने की आशंका जताई है। हिसार में शुक्रवार सुबह इस सीजन में दूसरी बार सबसे गहरी धुंध पड़ी। हाईवे पर शून्य तो शहर में दृश्यता 50-60 मीटर ही रही। दोपहर 12 बजे बाद धूप निकली। अधिकतम तापमान सामान्य से चार तो न्यूनतम दो डिग्री कम रहा। वहीं सिरसा में न्यूनतम तापमान 2 डिग्री लुढ़क कर 2.4 डिग्री पर पहुंच गया। नारनौल में अधिकतम तापमान 20.5 डिग्री रहा। शीत लहर के बाद करनाल में दिन का तापमान इस हद तक गिर गया कि अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अंतर केवल 2.2 डिग्री का रहा। करनाल का अधिकतम पारा सामान्य से 7 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक दो दिनों के बाद शीत लहर से लोगों को राहत मिल सकती है, हालांकि उत्तरी हरियाणा में कोहरा 21 जनवरी तक छा सकता है।